अतिमहत्वपूर्ण

संख्या-1/2757/60-2-13-2/1(26)12

प्रेषक,

सदाकान्त,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 लखनऊ: 30 सितम्बर, 2013

विषय : डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र निर्माण की सूचना प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत हैं कि डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना को राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। इस सम्बन्ध में समग्र ग्राम विकास विभाग द्वारा मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन, एवं अन्य उच्च स्तर पर करायी जा रही बैठकों में निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में उपलब्ध करायी जा रही सूचना एवं शासन के समग्र ग्राम विकास विभाग द्वारा प्रेषित सूचना में निरन्तर अन्तर परिलक्षित हो रहा है तथा सूचना में एकरूपता न होने के कारण प्रकरण में असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही इस महत्वपूर्ण योजना के सम्बन्ध में निर्णय लेने में कठिनाई भी उत्पन्न हो रही है।

2 उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना के अन्तर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के सम्बन्ध में प्रतिमाह समग्र ग्राम विकास विभाग, उत्तर प्रदेश को प्रेषित की जाने वाली सूचना की जिलाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रति निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 को प्रेषित सूचना एवं सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा समग्र ग्राम विकास विभाग को प्रेषित सूचनाओं में अन्तर की स्थिति बनी रहेगी।

अत: कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

सदाकान्त
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in